जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965


संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी


सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 58 अंक-39 जयपुर, सोमवार, 3 अक्टूबर, 2022 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

## मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दी गांधी जयंती पर खादी वस्त्रों पर 50 प्रतिशत की विशेष छूट



जयपुर (हमारा वतन) राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गांधी जयंती के अवसर पर राज्य द्वारा उत्पादित खादी वस्तुओं पर 50 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की गई है।

जानकारी के अनुसार यह छूट 2 अक्टूबर 2022 से 30 जनवरी 2023 तक जारी रहेगी। खादी के वस्त्र सभी प्रमाणित खादी भंडारों पर उपलब्ध हैं।

राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ बजाजनगर के मंत्री अनिल शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा राज्य द्वारा उत्पादित खादी वस्त्रों पर 50 प्रतिशत की छूट स्वागत योग्य है,इससे खादी भंडारों को संबल मिलेगा।



## रक्तदान जीवनदान फाउंडेशन के सहसंचालक राजेंद्र चौधरी ने किया 47 वीं बार रक्तदान

जयपुर (हमारा वतन) जननी और बच्चे का जीवन बचाने के लिये रक्तदान जीवनदान फाउंडेशन के सहसंचालक राजेन्द्र चौधरी ने अपने जीवन का 47 वीं बार रक्तदान किया।

रक्तदान जीवनदान फाउंडेशन के संयोजक मोहनलाल शेखावाला ने बताया कि रेवाड़ी निवासी वर्षा यादव ड़ेंगू बुखार की चपेट में आने की वजह से परिजनों ने जयपुर के दुर्लभ जी हॉस्पिटल में एडमिट कराया। पेशेंट की प्लेटलेट्स 6000 रह गई थी। ऐसे में फाउंडेशन के सह संचालक राजेन्द्र चौधरी निवासी मांदी फागी ने हॉस्पिटल पहुँच कर अपने जीवनकाल का 47 वाँ रक्तदान प्लेटलेट्स के रूप में प्रदान किया। इसी प्रकार निर्मल ने 6 वीं बार रक्तदान किया।

2 अक्टूबर गांधी जयंति की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

खादी भारत Khadi India

**खादी ग्रामोद्योग भण्डार**

(अखिल भारतीय खादी ग्रामोद्योग द्वारा प्रमाणित)



- प्लाट नं. 65 बी, बौद्ध विहार कॉलोनी, कचोलिया रोड वार्ड नं.18, चौमूं जिला - जयपुर
म.नं. 3252, जयलाल मुंशी का रास्ता, आखिरी चौराहा, संतोषी माता मंदिर के पास, चांदपोल बाजार, जयपुर - राज.
- रोड़ नं.1, रामा टेलीकॉम के सामने, मुरलीपुरा, जयपुर, मो.- 9782658589

हर प्रकार की खादी व रेडीमेड वेस्टर्न कुर्ता, पायजामा, दरीफर्श, दरियां, खेश, बेडशीट, डरीपट्टी, रजाई, गद्दी, डस्टर, बस्ता, ग्रामोद्योग साबुन, स्टील फर्नीचर, फुटकर व सरकारी सप्लाई के लिए संपर्क करें

हरिनारायण शर्मा, चौमूं द्वारा संचालित मो.9829161216

2 अक्टूबर गांधी जयंति की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

**लोक सेवा समिति, नगर (जिला - भरतपुर)**

हमारे खादी उत्पादन
दरी, फर्श, गाढ़े, जे.डी. 4, जाजम, कम्बल आदि

ग्रामोद्योग उत्पाद
शुद्ध घाणी तेल (पावन घाणी), सागर साबुन व सर्फ

आचार, मुरब्बा में लोहे का सब प्रकार का सामान

हमारे बिक्री भण्डार : ■ नगर, पहाड़ी, लक्ष्मणगढ़
■ ग्राम शिल्प- बस स्टैंड, नगर, ■ मादीपुर - नई दिल्ली

बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करायें : निर्धारित छूट का लाभ उठाएँ

दीनदयाल शर्मा - अध्यक्ष | मातादीन शर्मा - उपाध्यक्ष | राजेंद्र प्रसाद शर्मा - सहायक मंत्री

2 अक्टूबर गांधी जयंति की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

**ग्रामोद्योग समिति बांसवाड़ा**

(खादी ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा प्रमाणित) फोन - 0296 - 2243518

❄ खादी भंडार, सब्जी मंडी, बांसवाड़ा - फोन 22427 87
❄ ग्राम शिल्प, राती तलाई, बांसवाड़ा
❄ खादी ग्रामोद्योग भंडार, प्रतापगढ़ (चित्तौड़गढ़)
❄ खादी उत्पादन केंद्र ,बागीदौरा (बांसवाड़ा)
❄ खादी मंदिर, कलेक्ट्री के सामने, बांसवाड़ा
❄ खादी ग्रामोद्योग भंडार, घाटोल
❄ खादी निकेतन, बागीदौरा
❄ लुहारी उत्पादन केंद्र, बांसवाड़ा

सभी प्रकार की सूती-ऊनी खादी, दरी, फर्श, ऊनी कंबल, रेडीमेड सूती ऊनी तथा ग्रामोद्योगी वस्तुओं व लोहवस्तु ऑफिस एवं गृह उपयोगी सामान का प्राप्ति स्थल

स्वदेशी महत्ता याने अपनी महत्ता

मृदुला सामवेदी - अध्यक्ष | गणपत लाल जैन - मंत्री | इच्छा शंकर शर्मा - सहायक मंत्री

2 अक्टूबर गांधी जयंति की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

**राजस्थान खादी संघ**

पोस्ट खादीबाग 303702 चौमूं, जयपुर

2 अक्टूबर गांधी जयंति की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

देश को आर्थिक गुलामी से बचाने, पिछड़े वर्ग एवं बेरोजगार लोगों को राहत पहुंचाने तथा विषमता निवारण में सहयोग देने हेतु खादी एवं ग्रामोद्योग वस्तुएं अपनाइए

राजस्थान खादी संघ के समूचे राजस्थान प्रदेश में स्थित बिक्री केंद्रों में

❒ खादीघर, एम आई रोड, जयपुर ,खादी भंडार, जोहरी बाजार ,अम्बर भवन, बापूनगर जयपुर एवं खादी भंडार अजमेर, पाली, भीमगंज मंडी (कोटा), कैथून (कोटा), राजस्थान खादी संघ,।

❒ खादी भंडार जोधपुर, रतनगढ़ ,राजगढ़ ,सरदारशहर, राजलदेसर, भादरा, तारानगर, खादीबाग ,खादी भंडार चौमूं ,कालाडेरा और निवाणा।

हमारे उत्पाद
सूती, ऊनी ,रेशमी खादी, पोली वस्त्र, कोटा डोरिया, साड़ियां एवं स्टील फर्नीचर, साबुन, अगरबत्ती, तेल, शुद्ध मसाले, चर्म सामान आदि ग्रामोद्योगी वस्तुएं खरीदीये

रामदयाल लाटा : अध्यक्ष | मालीराम शर्मा : सहायक मंत्री
राधेश्याम गुप्ता : उपाध्यक्ष | चमेल सिंह : मंत्री

## सुबोध पब्लिक स्कूल में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर हुआ कार्यशाला का आयोजन



जयपुर (हमारा वतन) सुबोध पब्लिक स्कूल, रामबाग जयपुर के ऑडिटोरियम में एक दिवसीय भाषा शिक्षण हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला में जयपुर के 75 विद्यालयों के लगभग 180 शिक्षकों ने भाग लिया ।

विषय विशेषज्ञ के रूप में दिल्ली पब्लिक स्कूल, रोहिणी, नई दिल्ली की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रोमिला चोपड़ा ने शिक्षकों को संबोधित किया । फुलमार्क्स प्राईवेट लिमिटेड के जोनल मैनेजर अनिल भार्गव ने बताया कि कार्यशाला में मुख्य रूप से नई शिक्षा नीति के अनुसार हिंदी विषय में बदलाव, शिक्षण की नई तकनीक और विषय को रोचक बनाने की गतिविधियाँ आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला का आयोजन फुलमार्क्स प्राईवेट लिमिटेड द्वारा किया गया ।

कार्यक्रम के आरम्भ में मेजबान स्कूल की प्राचार्या कमलजीत यादव ने कार्यशाला को संबोधित किया । कार्यशाला का उद्देश्य एनईपी एचएलटी के अनुरूप, हिंदी विषय के लिए प्रभावी शिक्षण तकनीकी, इंटरएक्टिव कक्षा गतिविधियाँ एवं हिंदी विषय को और रोचक बनाना आदि था ।

## उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी द्वारा हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

उत्तराखंड (हमारा वतन) उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी के विशेष शिक्षा विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के देहरादून परिसर में सांकेतिक भाषा को बढ़ावा देने के लिए एक दिवसीय सांकेतिक भाषा से संबंधित प्रशिक्षण देने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए विशेष शिक्षा विभाग के समन्वयक व सहायक प्राध्यापक डॉ. सिद्धार्थ पोखरियाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सांकेतिक भाषा का प्रचलन महाभारत काल से चला आ रहा है औपचारिक रूप से पांचवी शताब्दी में यूरोप में इसके संकेत प्राप्त होते हैं भारत में ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के योजना में सांकेतिक भाषा के लिए एक अलग विभाग की संरचना की आवश्यकता पर बल दिया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि आगामी सत्र से विश्वविद्यालय सांकेतिक भाषा पर एक डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी प्रारंभ कर रहा है जिसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय




पुनर्वास परिषद से इस संबंध में पत्राचार कर पाठ्यक्रम निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। प्रतिभागी अविनाश पाटील ने कार्यशाला को बड़ा उपयोगी बताया और इस तरह की कार्यशाला से दिव्यांग जनों की सशक्तिकरण पुनर्वास में कार्यरत व्यक्तियों को सहायता भी मिलेगी। समाज में एक अलग तरह का संदेश सांकेतिक भाषा के द्वारा दिया जा सकता है। प्रशिक्षण में विभिन्न पाठ्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिनमें राखी गौर, शशि कला, अशोक पाल सिंह, जन्मेजय अजय कुमार, अनुराग सिंह, सुनील नेगी, राहुल, चेत बहादुर थापा उपस्थित रहे।

## 7 अक्टूबर को रिलीज़ होगी राजस्थानी मूवी मजो आ गयो



कोटा (हमारा वतन) राजस्थान के कॉमेडी किंग पन्या सेपट की राजस्थानी फिल्म मजो आ गयो आगामी 7 अक्टूबर को कोटा के गोल्ड सिनेमा में रिलीज की जाएगी । जिसके पोस्टर का विमोचन कोटा जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल के कर कमलों से किया गया । एनके मित्तल फिल्म्स के बैनर तले बनी इस मूवी का डायरेक्शन लखविंदर सिंह ने किया है । उनकी टीम द्वारा प्रमोशन शुरू कर दिया गया है, जिसकी शुरुआत कोटा से की गयी । इसके बाद जयपुर और राजस्थान के अन्य शहरों में फिल्म रिलीज की जाएगी ।

**फिल्म के मुख्य कलाकार**

फिल्म में दीपक मीणा ( पन्या सेपट ), शकूर खान, पवन शर्मा, निशांत वर्म, सुरेश चौहान, वक़ार अहमद, सिकंदर चौहान, दीप्ति धोत्रे, नीलम टिक्यानि, राखी शर्मा, नेहा सिंह, नीलम पंवार, मोनिका रावन, नेहा श्री ( मेहमान कलाकार ) के रूप में नज़र आयेंगे ।

## जॉब्स

1. सीआईएसफ, पद हेड कॉन्स्टेबल, एएसआई स्टेनोग्राफर, पद संख्या 540, अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2022
2. भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई, पद पीओ, पद संख्या 1673, अंतिम तिथि 12 अक्टूबर 2022
3. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, कॉमन एंट्रेंस टेस्ट सीईटी 2022, पद संख्या 2996, अंतिम तिथि 21 अक्टूबर 2022
4. संघ लोक सेवा आयोग, पद जियोलॉजिस्ट, पद संख्या 285, अंतिम तिथि 11 अक्टूबर 2022
5. इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 1535, अंतिम तिथि 23 अक्टूबर 2022
6. बैंक ऑफ बड़ौदा, पद बिजनेस मैनेजर व अन्य, पद संख्या 72, अंतिम तिथि 11 अक्टूबर 2022
7. यूपीएसएसएससी, पद फॉरेस्ट गार्ड, पद संख्या 701, अंतिम तिथि 6 नवंबर 2022
8. समग्र शिक्षा प्राइमरी टीचर चंडीगढ़, पद प्राइमरी टीचर, पद संख्या 158, अंतिम तिथि 6 अक्टूबर 2022




2 अक्टूबर गांधी जयंति की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

हाड़ौती खादी ग्रामोद्योग समिति, कोटा

पिछड़े वर्गों का उत्थान करने, बेरोजगार हाथों को पूर्णकालिक या आंशिक काम देने और राष्ट्रपिता बापू के सपनों को साकार करने के लिए खादी और ग्रामोद्योगी वस्तुओं का प्रयोग कीजिए।

हमारे बिक्री भण्डार
❒ खादी भण्डार रामपुरा, कोटा ❒ खादी भण्डार बूंदी ❒ खादी भण्डार झालावाड़ ❒ खादी भण्डार बारां ❒ खादी भण्डार इटावा ❒ खादी भण्डार केशवपुरा, कोटा ❒ खादी भण्डार सवाई माधोपुर

उत्पादन केन्द्र
● खादी आश्रम कोटा ● खादी आश्रम बूंदी
● खादी आश्रम मांगरोल ● खादी आश्रम अटरू

विशेषता: कोटा डोरिया साड़ी, सूती खादी ,पोलीवस्त्र , दरी फर्श का प्रमुख उत्पादन।

अटरू विशेष योजना कार्यक्रम : हाड़ौती खादी ग्रामोद्योग समिति कोटा द्वारा बारां जिले के अटरू पंचायत समिति में विशेष रोजगार।

आ.ल. खाण्डेकर - संरक्षक | राधेश्याम गुप्ता - उपाध्यक्ष | प्रवीण कुमार शर्मा - मुख्य व्यवस्थापक
रविभूषण शिरोमणि - अध्यक्ष | कमल किशोर शर्मा - मंत्री

## एनएफसी जिम द्वारा आयोजित हुआ डांडिया नाइट कार्यक्रम

जयपुर (हमारा वतन) नवरात्रि में एनएफसी जिम एंड स्पोर्ट्स द्वारा डांडिया नाइट कार्यक्रम का आयोजन रेलवे स्टेशन रोड स्थित रॉयल पेलेस गार्डन में किया गया । कार्यक्रम आयोजक एनआर गोरा और धर्मा नागा ने बताया कि नवरात्रि में माता को रिझाने के लिए डांडिया नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें महिलाओं ने डीजे की धुनों पर जमकर ताल से ताल मिलाई । डांडिया नाइट में बेस्ट डांसर, बेस्ट ड्रेस, बेस्ट पर्सनैलिटी और बेस्ट ग्रुप का भी अवार्ड दिया गया । डांडिया नाइट में कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवियों ने भी शिरकत की । आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भी भेंट किया । कार्यक्रम को होस्टिंग आरजे अमित ने की ।





2 अक्टूबर गांधी जयंति की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

अंबेडकर विकास समिति चौमूं
जिला-जयपुर द्वारा संचालित केंद्र एवं भंडार

1. कताई बुनाई उत्पत्ति केंद्र, हाथनौदा, तहसील-चौमूं,- जिला जयपुर
2. खादी ग्रामोद्योग भंडार, बुनकर बस्ती चौमूं, जिला- जयपुर 303702
3. खादी ग्रामोद्योग भंडार, बजाज नगर, जयपुर
4. खादी ग्रामोद्योग भंडार, पहाड़ा, कालक्या माता आरटीओ रोड, उदयपुर 313001

हमारे उत्पाद
दरी, फ़र्श,खेश, आलमारी, टेबल, स्टूल, मसाला एवं अन्य ग्रामोद्योग सामान



मोहन लाल बुनकर अध्यक्ष | रामजी लाल वर्मा मंत्री | शंकर लाल वर्मा सहा. मंत्री

2 अक्टूबर गांधी जयंति की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

खादी मंदिर
(खादी ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा प्रमाणित)
पब्लिक पार्क के पास, खादी परिसर बीकानेर


हमारे विशेष उत्पादन
सूती खादी , प्रसिद्ध सूती गाढ़ा, दो सूती, छींट, दरी, फर्श इत्यादि ऊनी खादी का उत्पादन हमारी विशेषता है

फूसराज छलांणी - अध्यक्ष मो.9435037303
इन्द्रभूषण गोईल- मंत्री मो.9314443703

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

जिनका जीवन ही संदेश है

अहिंसा के पुजारी, आज़ादी के महानायक
राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी
की जयन्ती पर शत शत नमन




"सर्वधर्म समभाव, अहिंसा, अपरिग्रह, सत्य, मानवीय मूल्य, वसुधैव कुटुम्बकम ये सभी सिद्धांत भारतीयता के प्रतीक हैं। हमारे देश की विचारधारा इन्हीं सिद्धांतों की परिचायक है। महात्मा गाँधी, जीवन पर्यन्त इन सिद्धांतों पर चले। उनका जीवन एक संदेश था। वे सही मायने में '**भारतीयता**' के प्रतीक और महापुरुष थे। उन्होंने अहिंसा में छिपी आवाज को समझा और देश को आजादी दिलाई। उनके जीवन चरित्र से आज समूचे विश्व ने भारत की विचारधारा को पहचाना और संबोधित किया।

आज समय की मांग है कि अमन-चैन के साथ बापू के हर सपने को साकार करने में जुट जायें।"

अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री



सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान
राजस्थान संवाद

डाक पंजीयन संख्या : JaipurCity/110/2021-23
(DAVP-Code No.- 120390) RNI No. 10311/1965
हमारा वतन साप्ताहिक
जयपुर, सोमवार, 3 अक्टूबर, 2022

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# प्रतिबंध के बाद

सद्भाव की राह छोड़कर कट्टरता का प्रसार करने वाले किसी भी संगठन पर प्रतिबंध स्वागत योग्य कदम ही कहा जाएगा। पिछले दिनों से लगातार शिकायतें मिल रही थीं और एनआईए व अन्य सुरक्षा एजेंसियां लगातार जांच व धरपकड़ में लगी थीं। ऐसे 19 मामले हैं, जिनके तार पीएफआई से जुड़े बताए जाते हैं। मंगलवार को भी इस संगठन के 170 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। उसके बाद ही गृह मंत्रालय ने पीएफआई और उसके सहयोगी संगठनों पर पांच साल के लिए प्रतिबंध लगाया है। आतंकी जुड़ाव को लेकर यह कार्रवाई की गई है और कई राज्यों ने केंद्र सरकार से पीएफआई पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। सबसे पहले साल 2012 में केरल ने इस संगठन पर संदेह जताया था। देश को सुरक्षित रखने के लिए ऐसी कार्रवाइयां समय-समय पर होती रही हैं। एक समय देश में खूब आतंकी हमले होते थे और उनके पीछे ऐसे अन्य कट्टरपंथी संगठनों का नाम आता था। स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर साल 2001 में प्रतिबंध लगाया गया था और साल 2008 में भी सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिबंध बनाए रखने के लिए कहा।बताया जाता है कि पीएफआई में सिमी सहित तीन अन्य संगठनों के कार्यकर्ता शामिल हो गए थे। इधर भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के कारण यह संगठन अपने जैसे अन्य संगठनों के साथ मिलकर लगातार सरकार की तीखी आलोचना में जुटा था। गृह मंत्रालय का साफ कहना है कि ठोस सुबूत मिलने और एजेंसियों की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की गई है। वैसे इस प्रतिबंध को अदालती चुनौती देने का रास्ता खुला है, पर पीएफआई के कार्यकर्ताओं के लिए मुश्किलें तब बढ़ेंगी, जब उनके खिलाफ सुरक्षा एजेंसियां अकाट्य प्रमाण पेश करेंगी। आतंकवाद से किसी के प्रत्यक्ष या परोक्ष संबंध को हल्के में नहीं लिया जा सकता। पीएफआई अगर किसी देश विरोधी आपराधिक और आतंकी मामले में शामिल नहीं रहा है, तो उसे अदालत में यह साबित करना होगा। उसे साबित करना होगा कि यह संगठन भारत के लिए किसी प्रकार से खतरा नहीं है और उसे बाहरी स्रोतों से जायज धन व संविधान सम्मत समर्थन मिल रहा है। क्या पीएफआई खाड़ी के देशों में भारत के खिलाफ एजेंडा चलाकर धन जुटाता है? आरोप है कि वह विदेश में एक अखबार चलाता है, जिसका नाम तेजस गल्फ डेली है, जो कट्टरपंथ को हवा देने का काम करता है। इसमें कोई शक नहीं कि कट्टरता के खिलाफ भारत में सतत अभियान चलाने की जरूरत है। सुरक्षा एजेंसियां इस काम को अंजाम देती रही हैं, पर उन्हें ज्यादा मुस्तैदी से काम करना होगा। दुनिया की नजर भारत पर है। जो देश अपने यहां कट्टर नीतियों का अनुसरण करते हैं, वे भी भारत से उदारता या धर्मनिरपेक्षता की उम्मीद करते हैं। भारत अपनी स्थापित छवि के अनुरूप आचरण करे, इससे बेहतर और कुछ हो नहीं सकता। धर्म के नाम पर बनने या चलने वाले संगठनों को विशेष रूप से संविधान पर गौर करना चाहिए।


राम गोपाल सैनी

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# हैप्पी पेट एडवांस वेट केयर का हुआ भव्य शुभारंभ



जयपुर (हमारा वतन) गांधी जयंती पर राजधानी जयपुर के चौमूं शहर के सामोद रोड स्थित सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के पास हैप्पी पेट एडवांस वेट केयर का भव्य शुभारंभ प्रातः 11:15 बजे किया गया । क्लीनिक का उद्घाटन डीन डॉ. आरएन कच्छावा के कर कमलों द्वारा किया गया ।

इस दौरान नगर पालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी, रालोपा प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव, भाजपा युवा नेता शंकर गौरा, बीजेपी युवा नेता श्याम शर्मा, पार्षद सायर सिंह तंवर, महेश यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष बंशीधर सैनी, कालाडेरा पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मेघराज चौधरी, कालाडेरा कॉलेज अध्यक्ष निशा यादव, संतोष डीजल्स, लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया से रघुवर दयाल सैनी, पूर्व चेयरमैन गोविंद नारायण सैनी, डॉक्टर नितिका, डॉ .अनिता सैनी, डॉ. कमलेश कुमार सैनी, डॉ. विष्णु दत्त सैनी, डॉ. अभिषेक सैनी, पूर्व वेटनरी ऑफिसर भुरामल सैनी, रामदयाल सैनी आदि रहे । सभी अतिथियों का बाबा जयगुरुदेव संगत ग्रामीण अध्यक्ष रामकिशोर सैनी और मयूर इलेक्ट्रिकल के लक्ष्मीनारायण सैनी द्वारा माल्यार्पण और साफा बंधवाकर स्वागत-सम्मान किया गया । डॉक्टर शंभू दयाल सैनी और डॉक्टर राहुल कुमार सैनी ने बताया कि हैप्पी पेट एडवांस वेट केयर में समस्त पशुओं का उपचार, चिकित्सा, पेट फूड, टीकाकरण,मल मूत्र जांच, खून जांच, दूध जांच, सभी डॉग ब्रीड और होम विजिट की सुविधाएं भी उपलब्ध रहेगी । शुभारंभ के अवसर पर योगेश सैनी,बाबूलाल सैनी,दीपक सैनी,रमेश सैनी सहित कई लोग मौजूद रहे ।

2 अक्टूबर गांधी जयंति की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

नागौर जिला खादी ग्रामोद्योग संघ
बासनी रोड़, नागौर (राज.) फोन : 01582-240464

गांधीजी की शोषण मुक्त, श्रमनिष्ठ नई समाज रचना के लिए प्रतिबद्ध

संस्था द्वारा उत्पादित ऊनी, खादी, मेरीनो, देसी, मिक्स मेरीनो तथा पोली वूल माल, कोटिंग, लेडीज शाल , राजीव शाल , मफलर, होजरी ,कोट, जाकेट, गाऊन, जर्सी, स्वेटर, टोपा, दस्ताना, पट्टू आदि

संस्था के केन्द्र
उत्पादन केंद्र : 4 बिक्री भण्डार : 6
कार्डिंग प्लांट : 1 होजरी प्लांट : 1

खादी भंडार एम्पोरियम संस्था प्रांगण, नागौर
केंद्रीय वस्त्रागार - खादी स्ट्रीट, रानी बाजार, बीकानेर (राज.)
फोन : 0151-2544040

अर्जुनदास वैष्णव- अध्यक्ष मो. 9001019876
इंद्र भूषण गोईल - उपाध्यक्ष मो. 9314443703
त्रिलोकराम गर्ग - मंत्री मो. 9251284893

## एसबीआई समेत कई बैंकों ने बढ़ा दिए ब्याज दरें, लोन महंगा..आज से अधिक भरना पड़ेगा EMI

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक और बैंक ऑफ इंडिया समेत कई वित्तीय संस्थानों ने रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी किए जाने के बाद अपनी ब्याज दरें बढ़ा दी हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने मुद्रास्फीति को काबू में करने के लिए द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर रेपो 0.5 प्रतिशत बढ़ाकर 5.9 प्रतिशत कर दी। हाउसिंग लोन कंपनी एचडीएफसी लिमिटेड ने शुक्रवार को ऋण पर ब्याज दर 0.50 प्रतिशत तक बढ़ा दी। ब्याज दरों में वृद्धि से एचडीएफसी से आवास ऋण लेने वालों की मासिक किस्त बढ़ जाएगी। एचडीएफसी ने एक बयान में कहा, ''एचडीएफसी ने आवास ऋण पर ब्याज दर 0.50 प्रतिशत तक बढ़ा दी है और यह एक अक्टूबर 2022 से प्रभावी होगी।'' इस वित्तीय संस्थान ने बीते पांच महीने में ब्याज दरों में सातवीं बार वृद्धि की है। वहीं, एसबीआई की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के मुताबिक उसने बाहरी बेंचमार्क आधारित उधारी दर (ईबीएलआर) और रेपो-सम्बद्ध उधार दर (आरएलएलआर) में 0.50-0.50 फीसदी की वृद्धि की है जो अब क्रमशः 8.55 फीसदी और 8.15 फीसदी हो गई है। यह वृद्धि शनिवार से प्रभाव में आएगी। बैंक ऑफ इंडिया ने भी आरबीएलआर बढ़ाकर 8.75 फीसदी कर दिया है। आईसीआईसीआई बैंक की ईबीएलआर बढ़कर 9.60 फीसदी हो गई है।

2 अक्टूबर गांधी जयंति की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

भरतपुर जिला खादी ग्रामोद्योग समिति, भरतपुर -231001

बापू के सपनों को साकार करें, ताकि देश स्वावलम्बी बन सके।

❒ सूती खादी, ऊनी खादी, रेशमी खादी
❒ ग्रामोद्योग को बेरोजगारी निवारण हेतु अपनाएं

शाखा केन्द्र
कामा , डीग, नगर , रूपवास, नदबई
खादी निकेतन भरतपुर, खादी भण्डार, भरतपुर
खादी - प्रतिष्ठान भरतपुर, चर्म केन्द्र आदि।

राम भरोसी गुप्ता - अध्यक्ष
राजेंद्र प्रसाद शर्मा - मंत्री
दाउ दयाल सिंघल - सह मंत्री

2 अक्टूबर गांधी जयंति की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा द्वारा प्रसारित

भूखे नंगे लोगों को स्वराज्य की राह दिखाइए

''मैं आपको एक मंत्र देता हूं, जब कभी आप दुविधा में हो या आपको अपना स्वार्थ प्रबल होता दिखाई दे तो यह नुस्खा आजमा कर देखिएगा ।अपने मन की आंखों के सामने किसी ऐसे गरीब और असहाय व्यक्ति का चेहरा लाइए जिसे आप जानते हो और अपने आप से पूछिए कि आपकी करनी उसके किस काम आएगी ? क्या उसे कुछ लाभ होगा क्या ? उस काम से उसे अपना जीवन और भविष्य बनाने में कुछ मदद मिलेगी, दूसरे मायने में क्या आपकी करनी हमारे देश के लाखों-करोड़ों भूखे नंगे लोगों को स्वराज्य की राह दिखाएगी ? बस इतना सोचते ही आपकी सारी दुविधा दूर हो जाएंगी और स्वार्थ पिघल कर बह जाएगा ।''

- महात्मा गांधी

11.08.1952 (12 मार्च 1992- मैत्री से साभार)

सूक्ष्म, लघु एवं माध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के राष्ट्रीय खादी अवार्ड 2007 से सर्वोत्तम खादी संस्था के रूप में सम्मानित क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा : खादी ग्रामोद्योग की सेवा में सतत सेवारत

रामदास शर्मा
अध्यक्ष

अनिल शर्मा
मंत्री

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा